श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा

गोण्डा

दिनांकः नवम्बर 24, 2023

सूचना

प्रवेश सम्बन्धी सूचना

विश्वविद्यालय के पत्रांक लो0अ0वि0/परीक्षा/885/2023 दिनांक 24.11.2023 के अनुसार स्नातक बी0ए0/बी0एस–सी0/बी0काम0 प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर एवं परास्नातक एम0ए0/एम0एस–सी0/एम0काम0 प्रथम, तृतीय सेमेस्टर के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे अपना परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन दिनांकः 30.11.2023 तक पूरित कर लें। अतः इसी क्रम में **स्नातक बी0ए0/बी0एस–सी0/बी0काम0 तृतीय व पंचम सेमेस्टर एवं परास्नातक एम0ए0/एम0एस–सी0/एम0काम0 तृतीय सेमेस्टर** के समस्त छात्र/ छात्राएं दिनांक 29.11.2023 तक प्रत्येक कार्यदिवस में पूर्वाह्न 10:30 से 02:00 बजे तक प्रवेश ले। यदि छात्र/छात्राएं समय से प्रवेश/परीक्षा आवेदन फार्म नहीं जमा करेंगे तो इस हेतु वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्राचार्य

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

पत्रांकः लो0अ0वि0 / परीक्षा / 885 / 2023

दिनांकः **24 / 11 / 2023**

अधिसूचना

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं उनसे सम्बन्धित समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातक **(बी0ए0 / बी0काम0 / बी0एस–सी0) प्रथम सेमेस्टर–सप्ली0 / तृतीय सेमेस्टर मुख्य एवं सप्ली0 तथा पंचम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा / परास्नातक (एम0ए0 / एम0एस–सी0 / एम0काम0) प्रथम सेमेस्टर–सप्ली0 / तृतीय सेमेस्टर मुख्य परीक्षा** सम्पन्न कराये जाने हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि निम्नानुसार विस्तरित की जाती हैः–

विवरण	प्रारम्भ तिथि	अन्तिम तिथि
छात्र / छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि	**17-11-2023**	**30-11-2023**
छात्र / छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करने की तिथि	**17-11-2023**	**01-12-2023**
आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को संशोधित करने एवं परीक्षा आवेदन पत्र को सत्यापित करने की तिथि	**17-11-2023**	**02-12-2023**

उपर्युक्त वर्णित कार्यक्रमानुसार यदि कोई महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित नहीं करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी एवं ऐसे छात्र / छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

* **प्रथम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा हेतु आनलाइन परीक्षा फार्म भराये जाने हेतु अधिसूचना पृथक रूप से निर्गत की जायेगी।**

निर्देश

1. छात्र / छात्राओं हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रियाः–

1. छात्र / छात्रा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.rmlauexams.in** पर भरेंगे।
2. आनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र में वांछित विवरण को सावधानीपूर्वक भरें।
3. छात्र / छात्रा प्रिंट किये गये आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र की दो प्रतियों पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त महाविद्यालय में उपरोक्त निर्धारित समय सीमा में एक प्रति जमा करना सुनिश्चित करेंगें तथा एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
4. यदि किसी छात्र / छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र को पूरित करते समय कोई त्रुटि हो जाती है तो सम्बन्धित छात्र / छात्रा ऐसी दशा में अपने आवेदित परीक्षा आवेदन पत्र का महाविद्यालय के स्तर से संशोधन कराना सुनिश्चित करेंगें।

2. महाविद्यालयों हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्रों को सत्यापित / वेरीफाई करने से सम्बन्धित प्रक्रियाः–

1. यदि किसी छात्र / छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र में कोई त्रुटि है तो ऐसी दशा में छात्र / छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र को सं ोधित करने के उपरान्त ही महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र को सत्यापित करेंगे। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा त्रुटिपूर्ण परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित किये जायेगें तो इसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय एवं छात्र / छात्रा की होगी।
2. आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र से सम्बन्धित छात्रों की सत्यापित सूची परीक्षा विभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि सभी सम्बन्धित छात्र / छात्राओं के आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को समयान्तर्गत भराने एवं वेरीफाई कराने का कष्ट करें।
2. उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव / प्रशासनिक अधिकारी (परीक्षा / गोपनीय / लेखा)
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ ।
4. वैयक्तिक सहायक वित्तअधिकारी / कुलसचिव, वित्तअधिकारी / कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ /
5. मीडिया प्रभारी।
6. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस अधिसूचना को विश्वविद्यालय की बेवसाइट एवं कालेज लॉगिन में अपलोड कराने एवं आनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें ।
7. कार्यालयीय प्रति ।

परीक्षा नियंत्रक